पण्डित सदासुख ग्रन्थमाला का चतुर्थ पुष्प

साधना के सूत्र

सामायिक, प्रतिक्रमण, वैराग्यभावना,
जैन आचार-विधि,
ध्यानसूत्र शतक आदि
का उपयोगी संकलन

सम्पादन एवं संकलन
अशोककुमार जैन 'गोइल्ल'
शास्त्री, जैनदर्शनाचार्य, एम ए.
दिल्ली

प्रकाशक
वीतराग विज्ञान स्वाध्याय मन्दिर ट्रस्ट
डॉ नन्दलाल मार्ग, पुरानी मण्डी,
अजमेर-305 001

प्रकाशकीय

'साधना के सूत्र' नवीन कृति स्वाध्याय प्रेमियों के लिए आचार्य शिरोमणि कुन्दकुन्द के द्विसहस्राब्दि वर्ष में एवं श्री टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर के ऐतिहासिक व भव्य पंचकल्याणक के अवसर पर पण्डित सदासुख ग्रन्थमाला के अन्तर्गत प्रकाशित करते हुए वीतराग-विज्ञान स्वाध्याय मन्दिर ट्रस्ट, अजमेर के सदस्यगणों को अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

विद्वद्वर्य पण्डित सदासुखदासजी कासलीवाल की अन्तिम कर्मस्थली प्रसिद्ध ऐतिहासिक जैन नगरी अजमेर के मूल निवासी अध्यात्मरसिक सेठ श्री पूनमचन्दजी लुहाडिया के हृदय में बहुत समय से यह अभिलाषा थी कि भारतवर्ष के कोने-कोने में विशेषतया अजमेर व उसके आस-पास के क्षेत्रों में जैन तत्त्व का प्रचार-प्रसार तीव्र गति से हो, जिससे सभी प्राणी वस्तुस्वरूप का यथार्थ ज्ञान प्राप्त कर सुखी हो सकें—इस पवित्र भावना को लेकर उन्होने १६ अप्रैल, १९८५ को अजमेर स्थित 'बाल भवन' नामक अपनी अचल सम्पत्ति 'वीतराग-विज्ञान स्वाध्याय मन्दिर ट्रस्ट, अजमेर' के नाम परिवर्तित कर दी।

साथ ही जिनवाणी के प्रचार-प्रसार हेतु आपने 'पण्डित सदासुख ग्रन्थमाला' की स्थापना करके सत्साहित्य प्रकाशन के क्षेत्र में एक और महान कदम उठाया। इस ग्रन्थमाला के अन्तर्गत 'मृत्यु-महोत्सव', 'सहज सुख-साधन' एवं 'बारह भावना शतक' आदि कृतियों का प्रकाशन अभी तक हो चुका है।

प्रस्तुत कृति नित्य स्वाध्यायप्रेमियों के लक्ष्य से पं अशोक कुमार जैन शास्त्री, जैनदर्शनाचार्य, दिल्ली ने तैयार की है। अधिकांश रूप से यह देखा गया है कि साधर्मी भाई-बहिन स्वाध्याय की गतिविधियों से जुड़े रहने के पश्चात् भी जीवन में वास्तविक अपूर्व आत्मलाभ से अछूते बने रहते हैं। स्वाध्याय (तत्त्वचर्चा) आत्मलाभ की दिशा में महत्वपूर्ण एवं आवश्यक आरम्भिक सीढ़ी है, परन्तु यही पर्याप्त नहीं है। चर्चा, जो चर्या में न आवे तो, व्यक्ति की ऐसी अर्जित चर्चा कभी-कभी उपहास की विषय-वस्तु भी बन जाती है। अत स्वाध्याय प्रेमियों का कर्त्तव्य है कि उनकी तत्त्वचर्चा उपहास का निमित्त न बने, इसके लिए आवश्यक है उनका आचार-विचार भूमिकानुसार जिनवाणी के अनुरूप हो। यद्यपि तत्त्वचर्चा के साधन आत्मसाधना के लिए स्वस्थ वातावरण तैयार करते हैं परन्तु तत्त्वचर्चा की गौरव-गरिमा एवं सुरक्षा उसके प्रयोगात्मक रूप देने में है। भूमिकानुसार आचरण के बिना मात्र तत्त्वचर्चा का जैनदर्शन में कोई महत्त्व नहीं है।

जैन मार्ग, साधना का मार्ग है। सच्ची साधना सामायिक, समाधि-मरण एवं वैराग्यप्रेरक बारह भावनाओं के चिन्तन-मनन के बिना नहीं है। इन्हीं बातों का लक्ष्य करते हुए प्रस्तुत कृति 'साधना के सामायिक और उसकी विधि, सर्वसामान्य प्रतिक्रमण, समाधि-मरण, जैन आचार-आहार विधि एवं परिशिष्ट में नित्य मननीय महत्त्वपूर्ण एवं सामग्री का संकलन किया गया है। जीवन के अन्तिम समय में तो उपयोगी है ही, परन्तु जीवन के आरम्भिक शुद्धिकरण के लिए भी है।

इस कृति के प्रकाशन में अध्यात्मरसिक सेठ श्री माणकचन्दजी दिल्ली की मुख्य प्रेरणा एवं सहयोग रहा है। श्री लुहाडियाजी का - उनके बडे भाई श्री पूनमचन्दजी लुहाडिया के अनुरूप है। धर्म प्रचार की तीव्र उत्कण्ठा उनके हृदय में बनी रहती है। उन्हीं की भावना स्वाध्याय प्रेमियों के लिए ऐसी पुस्तक का प्रकाशन का हो, जिससे उनका सुगन्धित हो उठे, क्योंकि 'ज्ञान का फल सद्चारित्र रूप से परिणमन है। अत उनकी पवित्र भावना के फलस्वरूप ही यह कृति आप सामने है।

इस कृति के संकलन एवं सम्पादन में प श्री अशोक कुमार जैन दिल्ली ने जो स्तुत्य श्रम किया है, उनके हम कृतज्ञ हैं। श्री माणकचन्द दिल्ली ने इस कृति के प्रकाशन का सम्पूर्ण आर्थिक भार ही नहीं उठाया, लागत मूल्य से कम में पुस्तक उपलब्ध कराई है, एतदर्थ ट्रस्ट उनका आभारी है।

इस कृति के सुन्दर प्रकाशन में श्री अखिल बंसल, बाहुबली जयपुर, श्री अरूणकुमार जैन शास्त्री, जयपुर आदि ने जो सहयोग प्रदान उनके हम आभारी हैं।

आशा है, सभी स्वाध्याय प्रेमी इस कृति का नित्य स्वाध्याय कर लाभ उठावेंगे।

मंत्री,
वीतराग-विज्ञान स्वाध्याय मन्दिर
अजमेर (राजस्थान)

सम्पादकीय

जैनदर्शन; साधना का दर्शन है। साधना का साध्य है मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण। स्वभाव की आराधना पूर्वक सम्पूर्ण कर्म-क्लेशों से मुक्ति प्राप्त करना ही मूल साधना है। साधक अनासक्तभाव से उस चरम परिणति की साधना करता है, क्योंकि साधना के लिए आसक्ति जहरीला कीडा है। कितनी ही ऊँची साधना हो, यदि आसक्ति है तो वह उसे अन्दर ही अन्दर खोखला कर देती है। इसलिए साधक हर प्रकार की आसक्ति से रहित होकर समभावपूर्वक साध्य की साधना करता है। आत्मसाधक कर्मबंधन को उसी प्रकार हटा देता है, जिसप्रकार सर्प शरीर पर आई हुई केंचुली को हटा देता है। पर से ममत्व हटे बिना एवं स्वभाव की रूचि हुए बिना साधक की चित्त शुद्धि नहीं होती है और चित्त शुद्धि हुए बिना कर्मबंधन से मुक्त होना असंभव है। अत चित्त की शुद्धि हेतु पर से अनासक्त होना आवश्यक है।

इहलोक और परलोक में जीवन को निर्मल और सुखद बनाने के लिए तथा पूर्णता के लक्ष्य तक पहुँचने के लिए जैन साधना के सरल सूत्रों को प्रस्तुत कृति में उद्घाटित किया गया है। सम्यक् साधना सामायिक, प्रतिक्रमण एवं समाधिमरण के बिना सम्भव नहीं है। सामायिक साम्यभाव को प्राप्त करने का साधन है और साम्यभाव मोह-क्षोभ रहित आत्मपरिणाम है।'इस परिणाम से निर्वाण की प्राप्ति होती है। समताभाव पूर्वक मरण समाधिमरण है। प्रस्तुत कृति में साधना के इन्हीं सरल सूत्रों का विस्तार से मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी विवेचन किया गया है। इस कृति में सामायिक, प्रतिक्रमण एवं आलोचना पाठ, समाधिमरण, बारहभावना एवं जैन आचार-आहार विधि के रूप में पाँच अध्याय है। अन्त में 'परिशिष्ट' के रूप में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण

विषय-सूची

साधना के सूत्र

अध्याय १

सामायिक

सम्—राग-द्वेष रहित, आय-उपयोग की प्रवृति। राग-द्वेष की परिणति का अभाव करके साम्यभावरूप परिणति को प्राप्त करना सामायिक है। सम्—राग-द्वेष की निवृति, आय-प्रशमादिरूप ज्ञान का लाभ। राग-द्वेष में माध्यस्थ भाव रखना सामायिक है। मोह-क्षोभ रहित आत्मा का परिणाम ही सामायिक है। सम्यक्त्व, ज्ञान, संयम और तप इन चार प्रकार की अवस्था को सामायिक कहते हैं। अपने स्वरूप की साधना में भूल न हो जाय उसके लिए शरीर की शुद्धि के साथ शुद्ध कपडे पहिन कर एकान्त स्थान में स्थिरतापूर्वक अपने शुद्ध स्वरूप का विचार करना ही सामायिक है।

सामायिक क्यों करनी चाहिए।

आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान रूप संसार प्रवृत्ति की निवृत्ति और धर्मध्यान रूप प्रवृति में सर्व जीवो के प्रति वैर विरोध को त्यागकर संयम, तप और त्याग भावना के भावरूप उदासीनता को प्राप्त कर समताभाव की सिद्धि के लिए सामायिक करने में आवे तो वह वीतरागता की प्राप्ति का कारण है।

सामायिक आत्मकल्याण के हेतु करने में आती है। जितने-जितने अंशों में विषयकषाय घट जावे और परिणामों में वीतरागता व शान्ति बढती जावे, उतने-उतने अंशों में धर्मसाधन की प्राप्ति के लिए मुमुक्षुओं का सामायिकादि षट् आवश्यक करना परम कर्त्तव्य है।

सामायिक करने से क्या लाभ?

सामायिक करने वाले मुमुक्षु के सब प्रकार के पापास्रव कर सातिशय पुण्य का बन्ध होता है। भावपूर्वक सामायिक से सुख और शान्ति की प्राप्ति होती है। आत्मतत्त्व की प्राप्ति मूल कारण सामायिक ही है। एकाग्रतारूप साम्यता से ही जीव निष्कर्मरूप अवस्था प्राप्त होती है।

अभव्य जीव को भी द्रव्य-सामायिक के प्रभाव से नौवे ग्रैव के अहमिंद्र पद की प्राप्ति हो जाती है, तो फिर भाव-सामायि केवलज्ञान क्यो नहीं प्राप्त होगा? अवश्य होगा।

सामायिक करने से पचेन्द्रिय-विषय एव अतरग कषाय नाश होता है और पदार्थ के प्रति ममता छूट जाती है। छह के जीवो के प्रति समता प्रकट होती है।

सामायिक का प्रारम्भिक अभ्यासी श्रावक शुभोपयोग सातिशय पुण्य बाँध कर अभ्युदय युक्त सर्व सुख भोग कर भव की प्राप्ति करता है, और फिर निर्ग्रंथ-मुनि होकर शुद्धोप को प्राप्त करके सवर पूर्वक समस्त कर्मो की निर्जरा करते हुए मो की प्राप्ति कर लेता है।

सामायिक के स्थान

जिस स्थान मे, चित्त मे विक्षेप करने के कारण न हो, अनेक लोगो के वाद-विवादिक का कोलाहल न हो, अधिक ज जीवो का आवागमन न हो, स्त्रियो का, नपुसको का विशेष आना-ज न हो, गीत, नृत्य वाद्यग्रन्थो आदि का प्रचार समीप मे न हो, जा एव पक्षियो का सचार न हो, जहाँ बहुत शीत तथा उष्णता प्रचण्ड पवन की, वर्षा की बाधा न हो, डाँस, मच्छर, मक्खी, बिच्छू इत्यादिक जीवो के द्वारा कोई बाधा न हो, ऐसे विक्षेप

एकान्त-स्थान हो, वन हो या जीर्ण बाग के मकान हो, गृह हो, चैत्यालय हो या धर्मात्मा पुरुषों का प्रोषधोपवास करने का स्थान हो, ऐसे एकान्त विक्षेप रहित स्थान में प्रसन्नचित्त होकर, समस्त मन के विकल्पो को छोडकर सामायिक करनी चाहिये।

(रत्नकरण्ड श्रावकाचार श्लोक नं ११ के आधार से)

सामायिक प्रारम्भ करने की विधि

सामायिक प्रारम्भ करने से पहिले अपनी इन्द्रियों के विषय-व्यापार से विरक्त होकर अपने केश-वस्त्रादि को यथाविधि बाँधना चाहिए, जिससे कि सामायिक करते समय क्षोभ न हो। सामायिक के काल में खान; पान, व्यापार, रोजगार, लेन-देन, विकथा, आरम्भ, समारंभ विसंवादादि समस्त पाप क्रियाओं को मन-वचन-काय-कृत-कारित अनुमोदना से त्याग कर एवं मर्यादा के बाहर क्षेत्र में नियत समय तक हिंसादि पांच पापों को सर्वथा त्याग कर राग-द्वेष रहित सकल जीवों पर समता भाव धारण कर; आर्त्त, रौद्र ध्यान छोड कर एक चिदानन्द स्वरूप शुद्धात्मा का ध्यान करने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए।

"अहं समस्त सावद्ययोगाद्विरतोऽस्मि"

'मैं समस्त सावद्ययोग का त्याग करता हूँ।' ऐसे कहकर पूर्व या उत्तर दिशा में मुंह करके दोनों हाथों को सीधा लटका कर दोनों पावों के बीच में चार अंगुल की जगह रखकर नासादृष्टि लगाकर कायोत्सर्ग पूर्वक आसन पर खडा होकर अरहन्त सिद्ध भगवान की साक्षी से दो घडी ४८ मिनट तक सामायिक करने की आज्ञा लेकर प्रतिज्ञा करनी चाहिए।

मेरी सामायिक काल की मर्यादा पूर्ण न हो जाय, तब तक मैं दूसरे स्थान का एवं परिग्रह का त्याग करता हूँ, और अपनी देह पर रहे हुए परिग्रह एवं शरीर के प्रति ममता का त्याग करने का

आसन लगाने की विधि

(१) खड्गासन—अपने दोनों पैरों को चार अंगुल के फासले से रखकर दोनों हाथ को सीधा लटका कर सीधा खड़ा होने को खड्गासन कहते हैं।

(२) पद्मासन—दाहिनी जांघ पर बायें पैर, बाईं जांघ पर दाहिने पैर को रखकर गोद में बायें हाथ की हथेली को नीचे रख कर दाहिने हाथ की हथेली को ऊपर रख कर सीधा बैठने को पद्मासन कहते हैं।

(३) पर्यङ्कासन (अर्द्धपद्मासन)—बायें पैर की जांघ के ऊपर दाहिना पैर रखकर पद्मासन की भांति हाथों की हथेलियों को रखकर सीधा बैठने को अर्द्धपद्मासन कहते हैं।

सामायिक करते समय पूर्व दिशा में इन आसनों में से कोई एक आसन लगाकर आँखों को आधी खुली रख कर सौम्य नासाग्र

से उपयोग को (तत्वो के ज्ञेयों की) तत्त्वदृष्टि (षट् द्रव्य व उनकी गुणपर्यायों) पर लगाना चाहिए। (सामायिक काल मे मौन पूर्वक शान्त चित्त से प्रमाद छोड कर उत्साह पूर्वक सामायिक करना चाहिए। मनोवृति की शुद्धि से चित्त शान्त होता है और उपयोग निश्चल दशा को प्राप्त होता है। शुद्धात्मस्वरूप में उपयोग की स्थिरता करना ही यथार्थ सामायिक है।)

यदि सामायिक पाठ याद न हो तो इस पुस्तक में जिस क्रम से सामायिक के पाठ छपे हैं, उसके अनुसार शुद्ध उच्चारण करें। साथ में अपने दूसरे साथी हो तो उनके स्वर में स्वर मिलाकर पाठ करें, पाठ का भाव बराबर समझते रहना चाहिए।

सामायिक मे णमोकार मंत्र, अ सि आ उ सा नमः, अर्हत्सिद्धाचार्यो पाध्याय सर्वसाधुभ्यो नमः, अरिहत सिद्ध, ॐ ह्री अर्हं अ सि आ उ सा नमः, ॐ नमः सिद्धेभ्यः मत्र का १०८ बार जाप करें। जाप पूरे होने पर पूर्वोक्त लिखे अनुसार पुनः चारों दिशाओं में णमोकार मंत्र पूर्वक नमस्कार करें।

(सूत की जापमाला में १०८ दाने होते हैं। उनका रहस्य यह है कि गृहस्थ संरम्भ, समारम्भ, आरंभ ये तीन मन-वचन और काय से स्वयं करते हैं, कराते हैं, जो क्रोध, मान, माया, लोभ के वश में होकर करते हैं। इसलिए इनके परस्पर गुणने से १०८ कर्मास्रव के भंग होते हैं। कोई भी पापकार्य उक्त प्रकार से होता रहता है, जिससे अशुभ-कर्म बंधता है। इसके रोकने का उपाय सामायिक है।)

सामायिक पूर्ण करने की विधि

सामायिक काल में मन, वचन, काय की प्रवृति में ३२ दोषों में से कोई भी दोष जाने-अनजाने प्रमादवश हो गया हो तो अरहन्त भगवान से क्षमा माँगनी चाहिए।

सामायिक पाठ बोलने मे मात्रा, विन्दी, पद, अक्षर, सूत्र आदि का हीनाधिक, विपरीत, अशुद्ध-उच्चारण किया हो या कोई पाप दोष लग गया हो तो उनकी भगवान् से क्षमा मॉंगनी ।

सामायिक काल मे मन, वचन, काय से आत्मभावना ठहर कर उपयोग को अशुभ भावो मे (मिथ्यात्व, अव्रत, प्रमाद, क और योग) असावधानी से लगाया हो या और किसी प्रकार का दोष लगा हो तो भगवान से क्षमा मागनी चाहिए।

सामायिक मे अतिक्रम, व्यत्तिक्रम, अतिचार, अनाचार, से, अनजान से किसी प्रकार का पाप दोष प्रमादजन्य हो गया तो भगवान से क्षमा मॉंगनी चाहिए।

इस तरह क्रिया करने के बाद ९ बार 'णमोकार मन्त्र' जाप्य करके सामायिक पूर्ण करनी चाहिए।

सामायिक के ६ भेद

नाम-सामायिक- शुभ-अशुभ नाम को सुनकर राग-द्वेष नहीं क सो नाम-सामायिक है।

स्थापना-सामायिक- कोई स्थापना प्रमाणादिक से सुन्दर है प्रमाणादि से हीनाधिक होने से असुन्दर है। प्रति राग-द्वेष का अभाव, सो स्थापना- है।

द्रव्य-सामायिक- सुवर्ण, चॉंदी, रत्न, मोती इत्यादि एवं काष्ठ, पाषाण, कण्टक, राख, भस्म, इत्यादिक मे राग-द्वेष रहित सम देखना, द्रव्य-सामायिक है।

क्षेत्र-सामायिक- महल, उपवनादिक रमणीक, श्मशानादिक क्षेत्र मे राग-द्वेष छोडना, सो क्षेत्र-सामायिक

काल-सामायिक- हिम, शिशिर, वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद ऋतु में और रात्रि, दिवस व शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष इत्यादिक काल में राग-द्वेष का वर्जन, सो काल-सामयिक है।

भाव-सामायिक- समस्त जीवों के दुःख न हो ऐसे मैत्रीभाव से तथा शुभ-अशुभ परिणामों के अभाव को भाव-सामायिक कहते हैं।

वैर-त्याग चिन्तन-

सामायिक करने वाला समस्त जीवों में मैत्री धारण करता हुआ परम क्षमा को धारण करता है। कोई जीव मेरा वैरी नहीं है, अज्ञानवश उपार्जन किया मेरा कर्म ही वैरी है। मैंने स्वयं अज्ञान भाव से क्रोधी, मानी, लोभी होकर विपरीत परिणाम किये। जिस वस्तु-व्यक्ति से मेरा अभिमान पुष्ट नहीं हुआ उसको वैरी माना, किसी ने मेरी प्रशंसा-स्तुति नहीं की, उसी को वैरी समझा। मेरा आदर-सत्कार नहीं किया व उच्च-स्थान नहीं दिया उसको वैरी समझा। किसी ने मेरे दोषों को प्रकट किया उसको वैरी जाना - सो यह सब मेरी कषाय से, दुर्बुद्धि से अन्य जीवों में वैर-बुद्धि उपजी है, इसको छोड़कर क्षमा अंगीकार करता हूँ और अन्य समस्त जीव मेरा अज्ञान भाव जानकर मुझे क्षमा करें।

आत्म चिन्तन-

समस्त दिन में प्रमाद के वश होकर तथा कषायो के वशीभूत होकर अथवा विषयों में रागी-द्वेषी होकर किन्हीं एकेन्द्रियादिक जीवों का घात किया तथा अनर्थक प्रवर्तन किया व सदोष भोजन किया अथवा किसी जीव के प्राणों को पीड़ा पहुँचाई तथा कर्कश-कठोर मिथ्या वचन कहे अथवा किसी की विकथा की अथवा अपनी प्रशंसा करी अथवा अदत्त धन ग्रहण किया अथवा पर के धन मे लालसा करी

सामायिक-पाठ (भाषा)

(प्रथम प्रतिक्रमण कर्म)

काल अनन्त भ्रम्यो जग में सहिये दुख भारी।
जन्म-मरण नित किये पाप को है अधिकारी॥
कोटि भवान्तर माहिं मिलन दुर्लभ सामायिक।
धन्य आज मैं भयो योग मिलियो सुखदायक॥ १ ॥

हे सर्वज्ञ जिनेश! किये जे पाप जु मैं अब।
ते सब मन-वच-काय योग की गुप्ति बिना लभ।
आप समीप हजूर माहिं मैं खड़ो खड़ो सब।
दोष कहूं सो सुनो करो नठ दुख देहिं जब॥ २ ॥

क्रोध मान मद लोभ मोह माया वशि प्रानी।
दुःखसहित जे किये दया तिनकी नहिं आनी॥
बिना प्रयोजन एकेन्द्रिय बि ति चउ पंचेन्द्रिय।
आप प्रसादहिं मिटै दोष जो लग्यो मोहि जिय॥ ३ ॥

आपस में इकठौर थापकरि जे दुख दीने।
पेलि दिये पगतैं दाबि करि प्रान हरीने॥
आप जगत के जीव जिते तिन सब के नायक।
अरज करूं मैं सुनो दोष मेटो दुखदायक॥ ४ ॥

अंजन आदिक चोर महा घनघोर पापमय।
तिनके जे अपराध भये ते क्षमा क्षमा किय॥
मेरे जे अब दोष भये ते क्षमहु दयानिधि।
यह पडिकोणो कियो आदि षट्कर्म माहिं विधि॥५॥

(द्वितीय प्रत्याख्यान कर्म)

जो प्रमादवशि होय विरोधे जीव घनेरे।
तिनको जो अपराध भयो मेरे अघ ढेरे॥
सो सब झूठी होऊ जगतपति के परसादै।
जा प्रसाद टें मिलै सर्व सुख दुःख न लाधै॥६॥
मैं पापी निर्लज्ज दयाकरि हीन महाशठ।
किये पाप अघ ढेर पापमति होय चित्त दुठ॥
निंदूं हूं मैं बार बार निज जिय को गरहुं।
सब विधि धर्म उपाय पाय फिर पापहि करहूं॥७॥
दुर्लभ है नरजन्म तथा श्रावक कल भारी।
सत संगति संयोग धर्म जिन-श्रद्धा धारी॥
जिन वचनामृत धार समावर्तै जिनवाणी।
तोह जीव संहारे धिक् धिक् धिक् हम जानी॥८॥
इन्द्रिय लपट होय खोय निजज्ञान जमा जब।
अज्ञानी जिमि करै तिसि विधि हिंसक ह्वै अब॥
गमनागमन करंतो जीव विराधे भोले।
ते सब दोष किये निन्दूं अब मन वच तोले॥९॥
आलोचनविधि थकी दोष लागे जु घनेरे।
ते सब दोष विनाश होउ तुमतें जिन मेरे।

(चतुर्थ स्तवन कर्म)

नमो वृषभ जिनदेव अजित जिन जीत कर्म को।
सम्भव भवदुःखहरण करण अभिनन्दन शर्म को॥
सुमति सुमति दातार तार भवसिन्धु पार कर।
पदमप्रभु पद्माभ भानि भव भीति प्रीति धर॥ १६ ॥
श्री सुपार्श्व कृतपाश नाश भव जास शुद्ध कर।
श्रीचन्द्रप्रभ चंद्रकांति सम देह कांति धर॥
पुष्पदंत दमि दोषकोश भविपोष रोषहर।
शीतल शीतल करण हरण भव ताप दोषहर॥ १७ ॥
श्रेयरूप जिनश्रेय ध्येय नित सेय भव्यजन।
वासुपूज्य शतपूज्य वासवादिक भवभयहन॥
विमल विमलमति देत अन्तगत हैं अनंत जिन।
धर्मशर्म शिवकरण शांतिजिन शांतिविधायिन॥ १८ ॥
कुन्थुकुन्थु जीवपाल अरनाथजाल हर।
मल्लि मल्लसम मोहमल्लमारन प्रचार धर॥
मुनिसुव्रत व्रतकरण नमतसुरसंघ हि नमि जिन।
नेमिनाथ जिननमि धर्म रथमाहिं ज्ञानधन॥ १९ ॥
पार्श्वनाथ जिन पार्श्व उपलसम मोक्षरमापति।
वर्द्धमान जिन नमूँ वमूँ भवदुःख कर्मकृत॥
या विधि मैं जिन संघरूप चौबीस संख्यधर।
स्तवूँनमूँ हूँ बार बार बन्दूं शिव सुखकर॥ २० ॥

(षष्टम कायोत्सर्ग कर्म)

कायोत्सर्ग विधान करूं अंतिम सुखदाई।
काय त्यजनमय होय काय सब को दुःखदाई।।
पूरब दक्षिण नमूँ दिशा पश्चिम उत्तर मैं।
जिनगृह वदन करूं, हरूं भव-पापतिमिर मै।।२६।।
शिरोनति मैं करूं नमूँ मस्तक करि धरिकैं।
आवर्तादिक क्रिया करू मन वच मद हरिकैं।
तीन लोक जिन-भवन माहिं जिन हैं जु अकृत्रिम।।
कृत्रिम हैं द्वय अर्द्धद्वीप माहीं वदों जिम।।२७।।
आठ कोडि परि छप्पन लाख जु सहस सत्याणूं।
चार शतक पर असी एक जिन-मंदिर जाणूं।।
व्यंतर ज्योतिषि माहिं संख्यरहिते जिन मंदिर।
ते सब वंदन करूं हरहूँ मम पाप संघकर।।२८।।
सामायिक सम नाहिं और कोऊ मैत्रीदायक।
श्रावक अणुव्रत आदि अंत सप्तम गुण थानक।
यह आवश्यक किये होय निश्चय दुःखहानक।।२९।।
जे भवि आतम काज मरण उद्यम के धारी।
ते सब काज विहाय करो सामायिक सारी।।
राग द्वेष मद मोह क्रोध लोभादिक जे सब।
बुध महाचन्द्र विलाय जाय तातैं कीज्यो अब।।३०।।

२

सामायिक-पाठ

(भाषानुवाद सहित)

सिद्धवस्तु वचो भक्त्या, सिद्धान् प्रशमतः सदा।
सिद्धकार्याः शिवं प्राप्ताः सिद्धिं ददतु नोऽव्ययाम्॥१॥

अर्थ—श्री सिद्ध परमेष्ठी, जगत के सब पदार्थों यथार्थ स्वरूप कहने वाले जैनागम और उस आगम के प्ररूपक श्री अरहत भगवान को भक्ति पूर्वक नमस्कार और उसमे प्ररूपित सत्य मार्ग पर चल कर जिन ने संसारदुःख को नष्ट करने रूप कार्य को सिद्ध किये है जीवन मुक्त अरहंत देव और मोक्ष प्राप्त सिद्ध परमेष्ठी भी अविनश्वर पद-सिद्धि प्राप्त करावें।

भावार्थ—जिन पुरुषो ने श्री अरहंत और सिद्ध को अपना आदर्श मानकर और उनके दिखाए हुए मार्ग अवलम्बन स्वीकार कर अरहंत और सिद्ध पद प्राप्त किया वे महापुरुष मुझे भी अविनश्वर-पद के मार्ग पर करें॥१॥

नमोऽस्तु धौतपापेभ्यः सिद्धेभ्यः ऋषिसंसदि।
सामायिकं प्रपद्येऽहं, भवभ्रमणसूदनम्॥२॥

अर्थ—मै समस्त कर्म कलक को धो डालने वाले सिद्ध परमेष्ठी को अत्यन्त भक्ति पूर्वक अपने मन मंदिर विराजमान कर, महर्षि पुरुषो के रहने योग्य कोलाहलादि रहित, शात स्थान मे स्थित होकर संसार-दुःख का नाश

वाले और परमानद प्राप्त कराने वाले सामायिक को प्रारम्भ करता हूँ अर्थात् उसका कथन करता हूँ॥२॥

साम्यं मे सर्वभूतेषु वैरं मम न केनचित्।
आशां सर्वां परित्यज्य समाधिमहमाश्रये॥३॥

अर्थ—ऐसी भावना करनी चाहिए कि सब जीव मात्र के साथ मेरा साम्यभाव हैं, किसी के साथ भी वैर नहीं है और समस्त इच्छाओं-आशाओ को छोड़ कर मै हमेशा आत्म-ध्यान में लीन होता हूँ॥३॥

रागद्वेषान्ममत्वाद्वा, हा मया ये विराधिता।
क्षमंतु जंतवस्ते मे, तेभ्यः क्षमाम्यहं पुनः॥४॥

अर्थ—अनादि काल से अब तक ससार में घूमते हुए मैने जिन जीवो का रागद्वेष व मोह वश होकर घात किया है उन सब से मेरी विनय पूर्वक प्रार्थना है कि वे मुझे क्षमा प्रदान करे। अनादि काल से आज तक रही मेरी इस दुर्बुद्धि का मुझे अत्यत खेद है। इसके अतिरिक्त जिन जीवों ने मेरा कोई अपराध किया हो उन्हे भी मैं सरल ह्रदय से क्षमा करता हूँ॥४॥

मनसा वपुषा वाचा, कृतकारितसम्मतैः।
रत्नत्रयभवं दोषं गर्हे निंदामि वर्जये॥५॥

अर्थ—यह विचार करना चाहिए कि मन, वचन और काया से कृत कारित और अनुमोदन द्वारा मेरे सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र में जो दोष लगे हो उन सब की मैं गर्हणा करता हूँ, निंदा करता हूँ और उन दोषो का त्याग करता हूँ॥५॥

तैरश्चं मानवं दैवमुपसर्गं सहेऽधुना।
कायाहारकषायादीन् सत्यजामि विशुद्धितः॥६॥

अर्थ—मैं इस समय तिर्यंच, मनुष्य और देव द्वारा हुए उपसर्ग को शांति पूर्वक सहन करने को तैयार हूं शरीर, सब परिग्रह, आहार तथा क्रोधादि कषाय आदि को यथाशक्ति छोड़ता हूं।६।

रागं द्वेषं भयं शोकं, प्रहर्षौत्सुक्यदीनता।
व्युत्सृजामि त्रिधा सर्वमरति रतिमेव च॥७॥

अर्थ—मैं राग-द्वेष, भय, शोक, हर्ष, उत्सुकता, दी अरति, रति आदि सबको मन, वचन और काया से छो हूं॥७॥

जीविते मरणे लाभेऽलाभे योगे विपर्यये।
बंधावरौ सुखे दुःखे, सर्वदा समता मम॥८॥

अर्थ—जीवन मृत्यु में, लाभ हानि में, संयोग-वि में, मित्र-शत्रु में, सुख-दुःख में मेरा सदा समभाव रहे—चिंतवन करना चाहिए॥८॥

आत्मैव मे सदा ज्ञाने, दर्शने चरणे तथा।
प्रत्याख्याने ममात्मैव, तथा संवरयोगयो॥९॥

अर्थ—सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र में मेरा आत्मा ही है तथा मेरा आत्मा ही प्रत्याख्यान, संवर योग में है॥९॥

एको मे शाश्वतश्चात्मा, ज्ञानदर्शनलक्षणः।
शेषा वहिर्भवा भावाः, सर्वे संयोगलक्षणाः ॥१०॥

अर्थ—मेरा एक शाश्वत आत्मा ज्ञानदर्शन लक्षण वाला है शेष सब बाह्य भाव सयोग लक्षण वाले है।

भावार्थ—ज्ञान दर्शन स्वरूप एक नित्य आत्मा ही वास्तव मे मेरी निधि है, बाकी संयोग लक्षण वाले क्रोध, मान, माया, लोभ, रागद्वेष आदि भाव तथा स्त्री, पुत्र, धन, धान्य आदि बाह्य पदार्थ मेरे से भिन्न है, उनके साथ मेरा कुछ भी सम्बन्ध नही है॥१०॥

संयोगमूला जीवेन, प्राप्ता दुःखपरम्परा।
तस्मात्संयोगसम्बंधं त्रिधा सर्वं त्यजाम्यहम्॥११॥

अर्थ—मेरी आत्मा ने अनादिकाल से अब तक कर्मरूप संयोगो का आश्रय लेकर दुःख की परम्परा प्राप्त की है इसलिए मैं अब मन-वचन-काय से सर्व सयोग-सम्बन्ध छोडता हूँ।

भावार्थ—इस प्रकार मनन-चितन द्वारा आत्मार्थी को हिताहित का विवेक करना चाहिए और आत्मा को शुद्धोपयोग में लीन करना चाहिए॥११॥

एवं सामायिकात्सम्यक् सामायिकमखण्डितम्।
वर्तते मुक्तिमानिन्या वशीभूतायते नमः॥१२॥

अर्थ—इस प्रकार सामायिक पाठ में वर्णित विधि के अनुसार जो परम अखडित सामायिक करते हैं और जिन्होंने मुक्तिरूप स्त्री को वशीभूत किया है अर्थात् मुक्ति प्राप्त की है उनको मेरा नमस्कार हो॥१२॥

आध्यात्मिक सामायिक-पाठ

द्रव्य भाव नोकर्म बिन; सिद्ध स्वरूप विचार।
सामायिक प्रारम्भ करूं, भवभव नाशनहार॥१॥

शुद्ध निश्चय नय से मेरा आत्मा (शक्ति से) शुद्ध एक है, निजानद है, निष्कषायी, अपवेदी, अकर्त्ता, निकल (रहित), अचल, निर्लेप, वीतरागी, अविनाशी, अनुपम, (टकोत्कीर्ण), अक्षय, अमल, अजर, अरुज, अभय, एकाकार, अनादि, अनन्त, अव्याबाध, अजेय अतीन्द्रिय-है।

मै नित्यानन्द, सहज शुद्ध, चैतन्य स्वरूपी जीव हूँ। मै सदा निजानन्द स्वरूप मे लवलीन हूँ।

मै अखण्ड अद्वैत, स्वाभाविक चैतन्य-विलास से आनन्द का भोक्ता हूँ। शाश्वत सुख का स्वामी, सदा आत्म भगवान् (भगवान् आत्मा) हूँ।

मै निश्चय से पर औपाधिकभावो से रहित ज्ञानानन्द, ज्योतिर्मयी, नित्य प्रकाशमान, निपुण, परम भगवान् स्वरूप हूँ।

एक अनुपम, अनन्य, परिपूर्ण मेरा धाम है। मै मेरे आत्मा मे तृप्त हूँ। मै शुद्ध त्रिकाली, अखण्ड, परमात्म-स्वरुप शक्ति से भगवान् स्वरूप हूँ। मै अनन्त, वीतरागी, निराकार, निरंजन, ज्ञाता, दृष्टा, शुद्ध-स्वरुपी, निर्मोही, निष्कप, निर्ममत्त्व, अरुपी-अमूर्तिक-द्रव्य हूँ।

•मैं न परका कर्त्ता हूँ, न हर्त्ता हूँ, न भोक्ता हूँ, न रागी हूँ, न द्वेषी हूँ, सर्व परभावों से भिन्न हूँ, द्रव्यकर्म से भिन्न हूँ, क्षणिक भाव से भिन्न हूँ, कर्मजन्य औपाधिक भावों से भिन्न हूँ, पंच-पापो से भिन्न हूँ और सर्व परद्रव्यो से भिन्न हूँ।

मै मेरे से अभिन्न हूँ, एकाकार हूँ, चिदानन्दरूप हूँ। मै आत्मानन्दी, सहजानन्दी, ज्ञानानन्दी, चिदानन्दी, निजानन्दी, परमानन्दी, जिनेश्वर, सिद्धेश्वर, बुद्धेश्वर, परमेश्वर, ब्रह्मा, विष्णु, शकर, शिव, गणपति, पुरुषोत्तम, परमानन्द, आत्मानन्द, चैतन्य, अद्वैत आदि अनन्त नामो का स्वामी हूँ।

मैं अखण्ड, अद्वैत, परमानन्द स्वरूप, निजकारण-परमात्मा से परम-तपोधन, शुद्ध, निश्चल उपयोग स्वरूप आत्मा हूँ; मेरा चैतन्य-विलास शुद्ध, निर्विकार, अनुपम धाम स्वरूप है।

मैं अखण्डानन्द, एक, अद्वैत, चेतन-स्वरूप भावों से भरपूर शुद्ध-जीवास्तिकाय हूँ। मैं शुद्ध निश्चयनय से विचार करता हूँ तो मैं न नारकी हूँ, न देव हूँ, न तिर्यंच हूँ, न मनुष्य हूँ, न मेरे मे गुणस्थान है, न मैं पर का कर्त्ता, हर्त्ता व भोक्ता हूँ, न बालक हूँ, न युवा हूँ, न वृद्ध हूँ, न मै क्रोधादि रागादि परिणामों का कर्त्ता हूँ, ये सर्व पुद्गल-कृत कार्य हैं, मैं तो उनको मात्र जानने वाला ज्ञायक स्वभावी आत्मा हूँ, न मैं इन अवस्थाओ का कर्त्ता हूँ, न भोक्ता हूँ, मैं एक, अखण्डानन्द, चैतन्य मात्र, ज्ञाता-दृष्टा स्वभावी आत्मा हूँ। सदा

मैं मेरे चैतन्य परिणाम का कर्त्ता और स्वभाविक-सुख का हूँ। पर का न मै किंचित् मात्र कर्त्ता हूँ न भोक्ता हूँ।

आरम्भ और बहु परिग्रह के धारक अज्ञानी (जीव अपने रागादि सद्‌भाव से उन नरकादि दुर्गतियो का करते है, जिनसे उनका जन्म-मरण (ससार) नही मिटता मै उन सर्व कृतियो से भिन्न हूँ। ससार दु खरूप है, है, अशरण है, दुःखमय है, विनाशिक है, कनिष्ट है। सुखरूप, नित्य, शरणरूप, ज्ञायक, ज्ञान-दर्शन से परिपूर्ण

मै एक परम शुद्धपारिणामिक-भाव का धारक हूँ। परम चैतन्यमई एक ज्ञान सत्तामात्र सुख मे उत्कृष्ट आत्‍ तत्त्व के अनुभव मे लवलीन हूँ, मै स्वभाविक-निश्चयनय सदा निरावरण, शुद्ध ज्ञान स्वरूपी हूँ। मै सहज शान्ति का धारक हूँ।

शुद्ध निश्चयनय से मेरा आत्मा सहज दर्शन गुण प्रकाशमान, परिपूर्ण, चैतन्यमूर्ति, चेतना-विलास को करने वाला है। ऐसे सर्व विभाव-भावो, विभाव-पर्यायो त्याग् कर मै सर्व विभाग भावो, विभाव-पर्यायो को मै मेरे आत्मा का चिन्तवन करता हूँ। मै अपने चित्त सर्व इन्द्रिय-विषयो से हटाकर मेरे शुद्ध आत्मिक-गुण-पर्याय मे लगाता हूँ, जिससे मुझे शीघ्र ही मुक्तिरमा प्राप्ति हो।

मैं निश्चयनय से सहज शुद्ध ज्ञानानन्द स्वभावी निर्विकल्प हूँ, उदासीन हूँ, निजानन्द, निरंजन, शुद्धात्मा सम्यदग्दर्शन, ज्ञान, चरित्ररूप निश्चय रत्नत्रयीमयी, निर्विकल्प, समाधि से उत्पन्न वीतराग, सहजानन्द रूप, आनन्दानुभूति मात्र स्वसंवेदन ज्ञान से गम्य हूँ, अन्य उपायों से गम्य नहीं हूँ, निर्विकल्प निजानन्द ज्ञान मात्र से ही मेरी प्राप्ति है, मैं ज्ञान दर्शन से परिपूर्ण हूं, मै तीन लोक तीन काल में, मन वचन काय कृत कारित अनुमोदना से उत्पन्न सुख-दुख, हर्ष-विषाद, लाभ-अलाभ; मानापमान, भोगाभोग, निन्दा-प्रशंसा, ममता-अहंता, पाप-पुण्य, श्वेत-श्याम, गरीब-अमीर, ऊंच-नीच, कुल-जाति, स्पृश्यतास्पृश्य आदि सर्व-विभाव पर्यायों से भिन्न एक चिदानन्द आत्माराम हूँ। सर्व जीव मेरे समान हैं, इसलिए मैं किसको मित्र कहूँ व किसको शत्रु कहूँ।

मैं राग, द्वेष, मोह, क्रोध, मान, माया, लोभ, पांचों इन्द्रियो का विषय व्यापार; मन-वचन-काय, द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म; ख्याति, लाभ, पूजा, देखे, सुने, अनुभवे भोगों की वांछा रूपी निदान; माया, मिथ्यात्व तीनों शल्यों से और सर्व प्रकार के विकार विभाव और परभावों से भिन्न और निजभावो से अभिन्न एक अखण्डानन्द, टकोत्कीर्ण, निर्मोही, ज्ञायक-स्वभावी आत्मा हूँ।

मैं पर्यायार्थिकनयसे अवलोकन करता हूँ तो मेरा आत्मा सर्व पर्यायों से संयुक्त है। ये सर्व विभाव-भाव मेरे पर्यायार्थिकनय में प्रतिभास होते है, फिर भी ये मेरा स्वभाविक

भाव नहीं है, परन्तु औदयिक भाव हैं। और मैं पारिणामिक भाव का स्वामी हूँ। मेरा इन से ज्ञेय-ज्ञायक है, परन्तु कर्त्ता-कर्म सम्बन्ध कदापि न था, न है और हो सकता है, क्योकि जन्म-जरा-मृत्यु; विषय-बन्ध-उदय-सत्ता, संस्थान-सहनन आदि कर्म के विपाक हैं, इनका जानने वाला हूँ। निश्चयनय से मैं एक शुद्ध, निरजन, निराकार, ज्ञाता-दृष्टा अविनाशी, असहाय, विमल, अमल, ज्ञायक मात्र वीतराग-स्वरुपी, ज्ञानानंद, सुखानद का स्वामी, परम तत्त्वरूप हैं। मैं भावना के अवलम्बन से सामान्य-विशेषात्मक, भेदाभेदरुप ज्ञानस्वरूपी आत्मा का निरीक्षण करता हूँ, जिससे चैतन्य-प्रकाशमान होती है, जो हजारो की किरणो से भी गुणी उज्जवल है व हजारो चंद्रमा से अनन्त गुणी है। मैं ज्यों-ज्यों आर्ष-वचनों का अभ्यास करता हूँ व का चिन्तवन करता हूँ, त्यो-त्यो मेरे में तीनो लोको के को प्रकाशित करने मे सूर्य के समान भेद-विज्ञानरूप कला होती है और जैसे-जैसे भेदविज्ञान बढता जाता है, वैसे-ही राग निवृति रूप स्वरूप स्थिरता बढ़ती जाती है और निश्चल निष्कम्प सुमेरु पर्वत के समान अचल, अडोल जाता है अतः मै आर्ष-वचनो का अभ्यास पूर्वक श्रद्धान हूँ।

मै चेतन, असख्यात प्रदेशी, मूर्तिक से रहित ज्ञान-लक्षण वाला, सिद्धरूप, कर्ममल रहित, शुद्धात्मा हूँ। मै

पदार्थ नहीं हूँ, और अन्य पदार्थ मेरे रूप में नही हैं। मैं अन्य का नहीं हूँ; और न अन्य ही मेरे हैं; अन्य, अन्य हैं, मैं, मैं हूँ; अन्य, अन्य का है; मै मेरा हूँ। शरीर जुदा है, मैं जुदा हूँ। मैं चेतन हूँ; शरीर अचेतन है, शरीर अनेक परमाणुओं का पिण्ड है, मैं एक हूँ, शरीर नश्वर है, मैं अविनाशी हूँ; ससार के अचेतन पदार्थ मेरे रूप में नहीं होते और मैं अचेतन नही होता; मैं ज्ञानत्मा हूँ; मेरा कोई नही है; मैं अन्य किसी का नहीं हूँ। जो यहाँ शरीर के साथ मेरा स्व-स्वामी सम्बन्ध हो रहा है, व एकत्व का भ्रम हो रहा है, वह सब पर (कर्म) के निमित्त से हो रहा है, स्वरूप से नहीं। जीवादि द्रव्य के यथार्थ स्वरूप को जानने वाला मैं अपने द्वारा अपने में, अपने को, जैसा कि मैं हूँ, देखता हुआ पदार्थों के विषय मे उदासीन हूँ, राग-द्वेष रहित होता हुआ मध्यस्थ हूँ।

इस प्रकार का चिन्तन, मनन करते हुए मुमुक्ष जीवो को आत्मस्वरूप का ध्यान करना चाहिए, इससे कर्मों का बधन टूटता है और स्वरूप-स्थिरता होती है।

इस प्रकार आध्यात्मिक सामायिक का फल भेदज्ञानपूर्वक वैराग्य की प्राप्ति और वैराग्य पूर्वक निजात्म पद की प्राप्ति होती है।

श्री अमितगतिसूरिविरचित

पद्यानुवाद ब्र शीतल प्रसाद जी

सामायिक पाठ

(हिन्दी भाषानुवाद सहित)

सत्त्वेषु मैत्री गुणिषु प्रमोदं,
क्लिष्टेषु जीवेषु कृपापरत्वम्।
माध्यस्थभावं विपरीतवृत्तौ
सदा ममात्मा विदधातु देव॥१॥

हे जिनेन्द्र! सब जीवन से हो मैत्रीभाव हमारे,
दुख-दर्द पीड़ित प्राणित पर करू दया हरवारे।
गुणधारी सत्पुरुषन पर हो हर्षित मन अधिकारे,
नहि प्रेम नहि द्वेष वहा विपरीत-भाव जो धारे॥१॥

शरीरतः कर्तुमनन्तशक्ति,
विभिन्नमात्मानमपास्तदोषम्।
जिनेन्द्र कोषादिव खड्गयष्टिं,
तव प्रसादेन ममास्तु शक्तिः॥२॥

हे जिनेन्द्र! अब भिन्न करन को इस शरीर से आतम,
जो अनन्त शक्तिधर सुखमय दोषरहित ज्ञानातम।
शक्ति प्रगट हो मेरे मे अब तव प्रसाद परमातम,
जैसे खड्ग म्यान से काढ़त अलग होत तिमआतम॥२॥

दुःखे सुखे वैरिणि बन्धुवर्गे,
योगे वियोगे भवने वने वा।
निराकृताशेषममत्वबुद्धेः
समं मनो मेस्तु सदापि नाथ॥३॥

दुःख-सुखों मे, शत्रु-मित्र में, हो समान मन मेरा,
वन मंदिर में लाभ-हानि मे हो समता का डेरा।
सर्व जगत के थावर जगम चेतन जड़ उलझेरा,
तिन में ममत करूं नहिं कबहूं छोडू मेरा तेरा॥३॥

मुनीश। लीनाविव कीलिताविव,
स्थिरौ निषाताविव बिम्बिताविव।
पादौ त्वदीयौ मम तिष्ठतां सदा,
तमोऽधुनानौ हृदि दीपकाविव॥४॥

हे मुनीश! तव ज्ञानमयी चरणों को हिय में ध्याऊं,
लीन रहें, वे कीलित होवें, थिर उनको बिठलाउं।
छाया उनकी रहे सदा सब औगुण नष्ट कराऊँ,
मोह अँधेरा दूर करनको रत्न दीप सम भाऊं॥४॥

एकेन्द्रियाद्या यदि देव देहिनः,
प्रमादतः संचरता इतस्ततः।
क्षताविभिन्ना मिलिता निपीडिता
तदस्तु मिथ्या दुरनुष्ठितं तदा॥५॥

एकेन्द्री दोइन्द्री आदिक, पचेन्द्री पर्यंता,
प्राणिन को प्रमादवश होके इत उत मैं विचरंता।
नाश छिन्न दुःखित कीने हो भेले कर कर अन्ता,
सो सब दुराचार कृत कल्मष दूर होहु भगवन्ता॥५॥

विमुक्तिमार्गप्रतिकूलवर्त्तिना,
मया कषायाक्षवशेन दुर्धिया।
चारित्रशुद्धेर्यदकारि लोपनं,
तदस्तु मिथ्या मम दुष्कृतं प्रभो॥६॥

रत्नत्रय मय मोक्षमार्ग से उलटा ल
तज विवेक इन्द्रियवश होके अर कषाय
सम्यक् व्रत चारित्र शुद्धि का किया लोप
सो सब दुष्कृत पाप दूर हो शुद्ध किया मन

विनिन्दनालोचनगर्हणैरहं,
मनोवचःकायकषायनिर्मितम्।
निहन्मि पापं भवदुःखकारणं,
भिषग्विषं मन्त्रगुणैरिवाखिलम्॥७॥

मन वच य कषायन के वश जो कुछ पाप
है संसार दुःख का कारण ऐसा जान
निन्दा गर्हा आलोचन से ताको दूर
चतुर वैद्य जिम मंत्र गुणो से विष सहार किया

अतिक्रमं यद्विमतेर्व्यतिक्रमं,
जिनातिचारं सुचरित्रकर्मणः।
व्यधादनाचारमपि प्रमादतः,
प्रतिक्रमं तस्य करोमि शुद्धये॥८॥

मतिभृष्ट हो हे जिन! मैंने जो अतिक्रम
सुआचार कर्मों में व्यतिक्रम अतिचार
हो प्रमाद आधीन कदाचित् अनाचार
शुद्ध करण को इन दोषो के प्रतिक्रम कर्म

क्षतिं मनःशुद्धिविधेरतिक्रमं,
व्यतिक्रमं शीलवृतेर्विलंघनम्।
प्रभोतिचारं विषयेषु वर्तनं,
वदन्त्यनाचारमिहातिसक्तताम्॥९॥

मन विशुद्धि में हानि करे जो वह विकार अतिक्रम है,
शील स्वभाव उल्लंघन की मति सो जाना व्यतिक्रम है।
विषयो में वर्तन हो जाना अतिचार नहिं कम है,
स्वच्छंदी बनकर प्रवृत्ति सब अनाचार इक दम है॥९॥

यदर्थमात्रापदवाक्यहीनं,
मया प्रमादाद्यदि किञ्चनोक्तम्।
तन्मे क्षमित्वा विदधातु देवी,
सरस्वती केवलबोधलब्धिम्॥१०॥

मात्रा पद अरु वाक्यहीन या अर्थहीन वचनों को,
कर प्रमाद बोला हो मैने दोष सहित वचनो को।
क्षम्य! क्षम्य! जिनवाणि सरवस्ति! शोधो मम वचनों को,
कृपा करो हे मात! दीजिये पूर्ण ज्ञान रतनों को॥१०॥

२ बोधिः समाधिः । परिणामशुद्धिः,
स्वात्मोपलब्धिः शिवसौख्यसिद्धिः।
चिन्तामणिं चिन्तितवस्तुदाने,
त्वां वंद्यमानस्य ममास्तु देवि॥११॥

बार बार वन्दूं जिनमाता! तू जीवन सुखदाई,
मन चिन्तित वस्तू को देवे चिन्तामणि सम भाई।
रत्नत्रय अर ज्ञान समाधि शुद्धभाव इकताई,
स्वात्मलाभ अर मोक्ष सुखों की सिद्धि दे जिनमाई॥११॥

यः स्मर्यते सर्वमुनीन्द्रवृन्दै—
र्यः स्तूयते सर्वनरामरेन्द्रैः।
यो गीयते वेदपुराणशास्त्रैः,
स देवदेवो हृदये ममास्ताम्॥१२॥

सर्व साधु यति ऋषि और अनगार जिन्हे
चक्रधार अर इन्द्र देवगण जिनकी थुती करे
वेद पुराण शास्त्र पाठो मे जिनका गान
परम देव मम ह्यदय विराजो तुझ मे भाव भरे है।।१

यो दर्शनज्ञानसुखस्वभावः,
समस्तसंसारविकारबाह्यः।
समाधिगम्यः परमात्मसंज्ञः,
स देवदेवो ह्यदये ममास्ताम्।।१३।।

सबको देखन जानन वाला सुख स्वभाव
सब विकारि भावो से बाहर जिनमे है
ध्यान-द्वार अनुभव मे आवे परमातम
परमदेव मम् ह्यदय-विराजो भाव तुझी मे भारी।।१३

निपूदते यो भवदुःखजालं,
निरीक्षते यो जगदन्तरालं।
योऽन्तर्गतो योगिनिरीक्षणीयः,
स देवदेवो ह्यदये ममास्ताम्।।१४।।

सकल दुख ससारजाल के जिसने दूर किये
लोकालोक पदारथ सारे युगपत् देख लिये
जो मम भीतर राजत है मुनियो ने जान लिये
परमदेव मम ह्यदय-विराजो सम रस पान किये हैं।।१

विमुक्तिमार्गप्रतिपादको यो,
यो जन्ममृत्युव्यसनाद्व्यतीतः।
त्रिलोकलोकी विकलोऽकलङ्कः,
स देवदेवो ह्यदये ममास्ताम्।।१५।।

मोक्ष मार्ग त्रयरत्नमयी जिसका प्रगटावनहारा,
जन्मन मरण आदि दुःखो से सब दोषों से न्यारा।
नहिं शरीर नहिं कलङ्क कोई लोकालोक निहारा,
परमदेव मम हृदय विराजो तुम बिन नहिं निस्तारा॥ १५॥

क्रोडीकृताशेषशरीरिवर्गाः,
रागादयो यस्य न सन्ति दोषाः।
निरिन्द्रियो ज्ञानमयोऽनपायः,
स देवदेवो ह्यदये ममास्ताम्॥ १६॥

जिनको ससारी जीवों ने अपना कर माना है,
राग द्वेष मोहादिक जिसके दोष नही जाना है।
इन्द्रिय रहित सदा अविनाशी ज्ञानमयी बाना है,
परमदेव मम हिय में तिष्ठो करता कल्याना है॥ १६॥

यो व्यापको विश्वजनीनवृत्तेः,
सिद्धो विबुद्धो धुतकर्मबन्धः।
ध्यातो धुनीते सकलं विकारं,
स देवदेवो ह्यदये ममास्ताम्॥ १७॥

जिसका निर्मल ज्ञान जगत में है व्यापक सुखदाई,
सिद्ध बुद्ध सब कर्म बंध से रहित परम जिनराई।
जिसका ध्यान किये क्षण क्षण मे सब विकार मिट जाई,
परमदेव मम हिय में तिष्ठो यही भावना भाई॥ १७॥

न स्पृश्यते कर्मकलंकदोषै—
र्यो ध्वान्तसंघैरिव तिग्मरश्मिः।
निरञ्जनं नित्यमनेकमेकं,
तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये॥ १८॥

कर्म मैल के दोष सकल नहि जिसे पर्श
जैसे सूरज की किरणो से तम समूह
नित्य निरजन एक अनेकी इस मुनिगण
उसी देव को अपना लखकर हम शरणा आते है ।।

विभासते यत्र मरीचिमालि,
न विद्यमाने भुवनावभासि ।
स्वात्मस्थितं बोधमयप्रकाशं
तं देवमाप्तं शरण प्रपद्ये ।।१९ ।।

जिसमे तापकरण सूरज नहि ज्ञानमयी
बोध भानु सुख शांति सुकारक शोभ रहा
अपने आतम मे तिष्ठै है रहित सकल मल
उसी देव को अपना लखकर शरणा ली भवत्रासी ।।

विलोक्यमाने सति यत्र विश्वं,
विलोक्यते स्पष्टमिदं विविक्तम् ।
शुद्धं शिवं शान्तमनाद्यनन्तं,
तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये ।।२० ।।

जिसमे देखत ज्ञान दर्श से सकल जगत ।
भिन्न भिन्न षट्द्रव्यमयी गुण पर्ययमय समता
शुद्ध शात शिवरूप अनादि जिन अनत
उसी देव को अपना लखकर शरणा ली सुख भासे ।।

येन क्षता मन्मथमानमूर्च्छा,
विषादनिद्राभयशोकचिंता ।
क्षयोऽनलेनेव तरुप्रपञ्च—
तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये ।।२१ ।।

जिसने नाश किये मन्मथ अभिमान परिग्रह भारी,
मन विषाद निद्रा भय चिंता रती शोक दुःखकारी।
जैसे वृक्ष समूह जलावत बन अग्नि भयकारी,
उसी देव को अपना लखकर शरणा ली सुखकारी ॥२१॥

न संस्तरोऽश्मा न तृणं न मेदिनी
विधानतो नो फलको विनिर्मितः।
यतो निरस्ताक्षकषायविद्विषः
सुधिभिरात्मैव सुनिर्मलो मतः ॥२२॥

है व्यवहार विधान शिला पृथ्वी तृणका सथारा,
निश्चय से नहिं आसन है ये इनमे नहिं कुछ सारा।
इन्द्रिय विषय कषाय द्वेष से विरहित आतम प्यारा,
ज्ञानी जीवो ने गुण लखकर आसन उसे विचारा ॥२२॥

न संस्तरो भद्रसमाधिसाधनं,
न लोकपूजा न च संघमेलनम्।
यतस्तोऽध्यात्मरतो भवानिशं,
विमुच्य सर्वामपि बाह्यवासनाम् ॥२३॥

नहि सथारा कारण हैगा निज समाधि का भाई,
नहिं लोगो से पूजा पाना सघ मेल सुखदाई।
रात दिवस निज आतम में तू लीन रहो गुण गाई,
छोड़ सकल भव रूप वासना निज में कर इकताई ॥२३॥

न सन्ति बाह्या मम केचनार्था,
भवामि तेषां न कदाचनाहम्।
इत्थं विनिश्चित्य विमुच्य बाह्यं,
स्वस्थः सदा त्वं भव भद्र मुक्त्यै ॥२४॥

मम आतम बिन सकल पदारथ नहि मेरे
मै भी उनकी नहि होता हूँ नहि वे सुख
ऐसा निश्चय जान छोड के बाहर निज
उन सम हम नित स्वस्थ रहे ले मुक्ति कर्म खोते है।

आत्मानमात्मन्यवलोक्यमान—
स्त्वं दर्शनज्ञानमयो विशुद्धः।
एकाग्रचित्तः खलु यत्र तत्र,
स्थितोऽपि साधुर्लभते समाधिम् ॥२५॥

निज आतम मे देखो हे मन परम
दर्शन ज्ञानमयी अविनाशी परम शुद्ध
चाहे जिसी ठिकाने पर हो हो एकाग्र
जो साधू आपेमे रहते सच समाधि उन पाई॥

एकः सदा शाश्वतिको ममात्मा
विनिर्मलः साधिगमस्वभावः।
बहिर्भवाः सन्त्यपरे समस्ता
न शाश्वताः कर्मभवाः स्वकीयाः ॥२६॥

मेरा आतम एक सदा अविनाशी गुण
निर्मल केवल ज्ञान मयी सुख पूरण
और सकल जो मुझसे बाहर देहादिक सब
नही नित्त्य निजकर्म उदय से बना यह नाटकघर है।

यस्यास्ति नैक्यं वपुषापि सार्द्धं
तस्यास्ति किं पुत्रकलत्रमित्रैः।
प्रथक्कृते चर्मणि रोमकूपाः
कुतो हि तिष्ठन्ति शरीरमध्ये ॥२७॥

जिसका कुछ भी ऐक्य नही है इस शरीर से भाई,
तब फिर उसके कैसे होगे नारी बेटा भाई।
मित्र शत्रु नहि कोई उसका नहिं सग साथी दाई,
तन से चमडा दूर करे नहि रोम छिद्र दिख पाई॥२७॥

संयोगतो दुःखमनेकभेदं,
यतोऽश्नुते जन्मवने शरीरी।
ततस्त्रिधासौ परिवर्जनीयो,
यियासुना निवृत्तिमात्मनीनाम्॥२८॥

परके सयोगो मे पड तनधारी बहु दु.ख पाया,
इस ससार महावन भीतर कष्ट भोग अकुलाया।
मन वच काया से निश्चयकर सबसे मोह छुडाया,
अपने आतम की मुक्ति ने मन में चाव बढाया॥२८॥

सर्वं निराकृत्य विकल्पजालं,
संसारकान्तारनिपातहेतुम्। कान्तार
विविक्तमात्मानमवेक्ष्यमाणो, देख
निलीयसे त्वं परमात्मतत्त्वे॥२९॥

इस ससार महावन भीतर पटकन के जो कारण,
सर्व विकल्प जाल रागदिक छोड़ो शर्म निवारण।
रे मन! मेरे देख आत्म को भिन्न परम सुख कारण,
लीन होहु परमातम माही जो भव ताप निवारण॥२९॥

स्वयं कृतं कर्म यदात्मना पुरा,
फलं तदीयं लभते शुभाशुभम्।
परेण दत्तं यदि लभ्यते स्फुटं,
स्वयं कृतं कर्म निरर्थकं तदा॥३०॥

पूर्व काल मे कर्मबन्ध जैसा आतम ने कीना,
तैसा ही सुख दुख फल पावे होवे मरना जीना।

परका दिया अगर सुख दुख पावे यह बात सहीना,
अपना किया निरर्थक होवे सो होवे कवहूं ना॥३०॥

निजार्जितं कर्म विहाय देहिनो,
न कोऽपि कस्यापि ददाति किंचन।
विचारयन्नेवमनन्यमानस,
परो ददातीति विमुच्य शेमुषीम्॥३१॥

अपने ही बाधे कर्मो के फल को जिय पाते है
कोई किसी को देता नाही ऋषिगण इम गाते है।
कर विचार ऐसा दृढ मन से जो आतम ध्याते हैं
पर देता सुख दुख यह बुद्धि नहि चित्त मे लाते है॥३१॥

यैः परमात्माऽमितगतिवन्द्यः,
सर्वविविक्तो भृशमनवद्यः।
शश्वदधीतो मनसि लभन्ते,
मुक्तिनिकेतं विभववरं ते॥३२॥

जो परमातम सर्व दोष से रहित भिन्न सबसे है,
अमितगति आचारज वदे मन मे ध्यान करे है।
जो कोई नित ध्यावे मन मे अनुभव सार करे है,
श्रेष्ठ मोक्षलक्ष्मी को पाता आनन्द ज्ञान भरे हैं॥३२॥

इति द्वात्रिंशतिवृतैः, परमात्मानमीक्षते।
योऽनन्यगतचेतस्को, यात्यसौ पदमव्ययम्॥३३॥

इन बत्तीस पदन से भविजन परमातम ध्याते है,
मन को कर एकाग्र स्वात्म मे अव्यय पद पाते है।
सुखसागर वर्द्धन के कारण सत अनुभव लाते है,
"सीतल" सामायिक को पाकर भवदधि तर जाते है॥३३॥

४

(अमितगति आचार्य कृत)

सामायिक पाठ

(अनुवादक—श्री युगल जी)

प्रेम भाव हो सब जीवो से, गुणी जनो मे हर्ष प्रभो।
करूणा स्रोत बहे दुखियो पर, दुर्जन में मध्यस्थ विभो॥१॥
यह अनन्त बल-शील आतमा, हो शरीर से भिन्न प्रभो।
ज्यो होती तलवार म्यान से वह अनन्त बल दो मुझको॥२॥
सुख-दुख वैरी [illegible] वर्ग मे, काँच कनक मे समता हो।
वन उपवन, [illegible] कुटी मे नहीं खेद, नहि ममता हो॥३॥
जिस सुन्दरतम [illegible] पर चलकर जीते मोहमान मन्मथ।
वह सुन्दर पथ [illegible] प्रभु! मेरा, बना रहे अनुशीलन पथ॥४॥
एकेन्द्रिय [illegible]द्रिक प्राणी की, यदि मैने हिसा की हो।
शुद्ध ह्यदय [illegible]ता हूँ वह, निष्फल हो दुष्कृत्य प्रभो॥५॥
मोक्ष मार्ग [illegible]कूल प्रवर्त्तन, जो कुछ किया कषायो से।
विपथ-गमन [illegible] कालुष मेरे, मिट जावे सद्भावो से॥६॥
चतुर वैद्य विष [illegible]क्षत करता, त्यों प्रभु! मै भी आदि उपाँत।
अपनी निन्दा [illegible]न से, करता हूँ पापो को शान्त॥७॥
सत्य अहिसादिक [illegible] मे भी, मैने ह्यदय मलीन किया।
व्रत-विपरीत-प्रवर्त [illegible]रके, शीलाचरण विलीन किया॥८॥
कभी वासना की [illegible]ता का, गहन सलिल मुझ पर छाया।
पी पीकर विषयो [illegible] मदिरा, मुझमे पागलपन आया॥९॥
मैने छली और मायावी, हो असत्य-आचरण किया।
पर निन्दागाली, चुगली जो, मुँहपर आया वमन किया॥१०॥

इष्ट-वियोग अनिष्ट-योग में, विश्व मनाता है मातम।
हेय सभी है विश्व वासना, उपादेय निर्मल आतम॥२३॥
बाह्य जगत कुछ भी नहि मेरा और न बाह्य जगत का मै।
यह निश्चयकर छोड़ बाह्य को,मुक्ति हेतु नितस्वस्थ रमे॥२४॥
अपनी निधि तो अपने मे है, बाह्य वस्तु मे व्यर्थ प्रयास।
जग का सुख तो मृग-तृष्णा है, झूठे है उसके पुरुषार्थ॥२५॥
अक्षय है शाश्वत है आत्मा, निर्मल ज्ञान स्वभावी है।
जो कुछ बाहर है सब पर है, कर्माधीन विनाशी है॥२६॥
तन से जिसका ऐक्य नहीं हो, सुत, तिय मित्रो से कैसे?
चर्म दूर होने पर तन से, रोम-समूह रहे कैसे?॥२७॥
महा कष्ट पाता जो करता, पर पदार्थ जड़-देह संयोग।
मोक्ष-महल का पथ है सीधा, जड़ चेतन का पूर्ण वियोग॥२८॥
जो ससार-पतन के कारण, उन विकल्प जालो को छोड़।
निर्विकल्प निर्द्वन्द्व आत्मा, फिर फिर लीन उसी में हो॥२९॥
स्वय किये जो कर्म शुभाशुभ, फल निश्चय ही वे देते।
करे आप फल देय अन्य तो, स्वयं किये निष्फल होते॥३०॥
अपने कर्म सिवाय जीव को, कोई न फल देता कुछ भी।
'पर देता है' यह विचार तज, स्थिर हो छोड़ प्रमादी बुद्धि॥३१॥
निर्मल, सत्य, शिवं सुन्दर है, 'अमित गति' वह देव महान।
शास्वत निज में अनुभव करते, पाते निर्मल पद निर्वाण॥३२॥

५

सामायिक-भावना

(पं गिरिधर शर्मा)

हो सत्व पै सखिपना, मुद हो गुणी पै,
माध्यस्थ भाव मम होय विरोधियो पै।
दुःखति पे अयि दयाधन! हो दया हो,
हो नाथ! कोमल सदा परिणाम मेरे॥ १ ॥
धारू क्षमा, समृदुता, ऋजुता सदा मै,
त्यो सत्य, शौच, प्रिय सयम भी न त्यागू।
छोड़ू नही तप, अकिंचन, ब्रह्मचर्य्य,
है रत्न राशि दश-लक्षण धर्म मेरा॥ २ ॥
मै देव पूजन करू, गुरू-भक्ति साधू,
स्वाध्याय मे रच सुसयम आदरू मैं।
धारू प्रभो तप निरन्तर दान दू मै,
षट् कर्म मै नित करू जब लो गृही हूँ॥ ३ ॥
पाऊ महा सुख प्रभो, दुःख या उठाऊ,
सोऊ पलंग पर; भूपर ही पडू या।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥ ४ ॥
चाहे रहूँ भवन मे, बन में रहूँ या,
प्रासाद मे बस रहूँ अथवा कुटी में।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥ ५ ॥

सुस्वादु व्यजन सहस्र प्रकार के हों,
आहार हो विरस, या वह भी मिले ना।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी।
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥
सिंहासन प्रचुर रत्न जड़ा प्रभो! हो—
किंवा कठोर तर पत्थर बैठने को।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥७॥
चाहे चलूं मखमली पग पावडों पै,
या तै करूं विकट कंटक-पूर्ण पन्था।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥८॥
सैलून हो, विवध मोटर गाडियां हो,
हो बग्घियां, न पद भी कुछ साथ दें या।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥९॥
मेरी करे भुवन के सब भूप सेवा,
या मैं करूं भुवन के जन की सुसेवा।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥१०॥
श्री देव देव! बहु इष्ट वियोग होवे,
किंवा अनिष्ट कर योग महान होवे।
सोहे तथापि समता अति उच्च मेरी,
सामायिक प्रबल हो मम नाथ! ऐसा॥११॥

सामायिक स्तवन को जन जो पढ़ेंगे,
संसार के सुख-दुःखोदधि को तरेंगे।
होंगे न कभी न चलमानस धर्मधारी;
श्रीश प्रताप वश सिद्ध उन्हें वरेगी॥ १२ ॥

आत्म चिन्तवन।

(ब्र श्री चुन्नीलाल देसाई)

तू नित्य निरंजन निराकार, चैतन्य ज्योतिमय सुखागार
तू नित्य मुक्त है निर्विकार, सब राग भाव हैं दुःखागार॥ १ ।
तू चिन्मूरति चैतन्य रूप, ये राग भाव सब जड़ स्वरूप
तू तीन लोक का नाथ भूप, ये लख चौरासी योनि कूप॥ २ ॥
तू वीतराग भगवान रूप, ये पर परणित सब भिन्नरूप।
तू निष्कषाय पावन स्वरूप, ये राग भाव है दाह रूप॥ ३ ॥
तू शुद्ध अचिंन दिव्य रूप, विपरीत भाव सब दुःखरूप।
तू लख निज में निजका स्वरूप, ये राग विकार विभावरूप॥ ४ ॥
तू दिव्य मूर्ति ज्योति स्वरूप, त्रय कर्म भि नहीं तुझस्वरूप।
तू निज कर्ता अरु कर्म रूप, अपनत्व बुद्धि पर दुःखरूप॥ ५ ॥
तू ज्ञान चेतना दर्शरूप, नरनारक आदिक भिन्न रूप।
तू निराकुल अविनाशी रूप, मन्द, तीव्रभाव सब परस्वरूप॥ ६ ॥
तू एक अखडानंद रूप, खंड-खंड भाव नहीं आत्मरूप।
तू सब पुद्गल कृत भि रूप, सामान्य शुद्ध चेतन स्वरूप॥ ७ ॥
तू परमें मोहित अन्धरूप, मोह घात करे तुझ चिद्स्वरूप।
तू उनमें फिर आनन्दरूप, अज्ञान मान्यता जगत कूप॥ ८ ॥

तू निज में रहकर पर पिछान, सब राग भाव परज्ञेय जान।
तू निज परमे नहि अश आन, अज्ञान नाश से भेदज्ञान॥९॥
तू निजको निजमें निज पिछान, तब रागनाश वैराग्य आन।
तू उदय संधि में छैनी ठान, प्रज्ञा पैनी समता समान॥१०॥
तू परम समाधि साम्यरूप, मोह क्षोभ रहित वीतरागरूप।
तू शुद्धोपयोगी चिद्स्वरूप, परमात्म तत्त्व अद्वैतरुप॥११॥
तू चिदानन्द ज्ञायक स्वरूप, ध्रुव, अचल, अनुपम, शिवरूप।
तू कर्त्ता, कर्म, क्रिया अभेद, पर करता कहना महा खेद॥१२॥
तू नहीं पर कर्त्ता कर्म रूप, सब द्रव्य भिन्न भिन्न निज स्वरूप।
तू अपने गुण पर्याय रूप, ज्ञाता दृष्टा तू एक रूप॥१३॥
तू समयसार निज का पिछान, दो क्रियावादी मिथ्यात्वी जान।
नहीं उनको जिनमत में श्रद्धान,ऐसा समझो 'चुनि' मतिमान॥१४॥

सामायिक भवतापनाशिनी औषधि

पाक्षिक श्रावकों को सामान्य रूप से अभ्यासरूप सामायिक दो घड़ी (४८ मिनट) करना चाहिए। प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल या एक बार अवश्य करें। अभ्यासी मुमुक्षुओं को कभी पर्व का निमित्त पाकर, प्रोषधोपवास; उपवास, एकासन और व्रत के दिनों में एकाग्रचित्त होकर सामायिक करना चाहिए। क्योंकि सामायिक भावतापनाशिनी औषधि है।

अध्याय - द्वितीय

'प्रतिक्रमण एवं आलोचना पाठ'

सर्वसामान्य प्रतिक्रमण आवश्यक

जैन साधक परम्परा मे आत्म-परिष्कार/आ ८ शु
प्रतिक्रमण की प्रक्रिया अनिवार्य मानी गई है।

आचार्य शिरोमणि कुन्दकुन्द ने 'ध्यान' को ही ।तक्र
संज्ञा प्रदान की है, उनका मूल कथन इस प्रकार है—

झाणणिलीणो साहू परिचागं कुण सत्वदोसाणं
तम्हा दु झाणमेव हि सव्वदिचारस्स पडिकमणं।

(नियमसार ॥

ध्यान मे लीन साधु सर्व दोषो का परित्याग करते है, ध्यान ही वास्तव मे सर्व अतिचार का प्रतिक्रमण है।
प्रतिक्रमण के सामान्यतः 2 भेद है—

(i) निश्चय प्रतिक्रमण

(ii) व्यवहार प्रतिक्रमण

निश्चय प्रतिक्रमण—

पूर्व मे किए हुए जो अनेक प्रकार के विस्तार वाले शुभ कर्म उनसे जो आत्मा स्वय को निवर्तन करता है अर्थात् पीछे है, वह आत्मा प्रतिक्रमण है।

अपने शुभाशुभ कर्म का आत्मनिन्दा पूर्वक त्याग भाव अर्थात् आत्मा के ऐसे विशुद्ध परिणाम कि जिनसे अशुभ की निवृति हो, व्यवहार प्रतिक्रमण है।

प्रतिक्रमण के निम्न ६ विभाग हैं—

१. सामायिक

२. तीर्थङ्कर भगवान की स्तुति

३. वंदन

४ प्रतिक्रमण

५ कायोत्सर्ग एव

६ प्रत्याख्यान।

पाठ - १

नमस्कार मंत्र

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं णमो आयरियाणं।

णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

श्री अरहन्तों को नमस्कार हो, सब सिद्धों को नमस्कार हो, सब आचार्यों को नमस्कार हो, सव उपाध्यायों को नमस्कार हो और लोक में विराजमान सर्व साधुओं को नमस्कार हो।

सर्वश्रेष्ठ पद में स्थित इन पंच परमेष्ठी का स्वरूप वीतराग विज्ञानमय है।[1]

पाठ - २

वन्दना

पंच परमेष्ठी को दोनों हाथ जोडकर तीन आवर्तन करके स्तुति करता हूँ-नमस्कार करता हूँ। विनय से सत्कार करता हूँ, विवेक पूर्वक सन्मान करता हूँ। हे पूज्य! आप कल्याणरूप, मंगलरूप, देवरूप, ज्ञानरूप हैं इसलिए मैं आपकी पर्युपासना-सेवा करता हूँ।

---

१. जिज्ञासु जीवों को इनका स्वरूप मोक्षमार्गप्रकाशक के प्रथम अध्याय से समझना चाहिये।

पाठ - ३

सामायिक

सामायिक समतामय भावो का नाम है। श्री
सामायिक का स्वरूप इसप्रकार कहा है—

जो समता मे लीन हो, करे अधिक
सकल कर्म वह क्षय करे, पाए शिवपुर पास॥९
